# ब्रह्माकुमारीज़ राजऋषि पंचायत उमरनी को बनाएगी आदर्श ग्राम

## कचरा कलेक्शन वाहन को दिखाई हरी झंडी

- एलआईसी एचएफएल और टीम फीडबैक फाउंडेशन के सहयोग से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहन की शुरुआत
- रेडियो मधुबन पंचायत में घर-घर बांटेगा तीन हज़ार डस्टबिन



कचरा कलेक्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ के वरिष्ठ भाई-बहनें व सरपंच प्रतिनिधि।

**शांतिवन।** ब्रह्माकुमारीज़ के कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग ने आबू रोड से लगी ग्राम पंचायत उमरनी को आदर्श ग्राम बनाने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरुआत स्वच्छता अभियान से की जा रही है। इसके तहत शांतिवन से उमरनी गांव में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजयोगी ब्र.कु. राजू भाई ने गांव को स्वच्छ, सुंदर और आदर्श गांव बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी ग्रामवासियों का आह्वान किया। आवास-निवास के प्रभारी ब्र.कु. देव ने भी अपने विचार रखे। प्रोजेक्ट मैनेजर लखविंदर सिंह ने कहा कि हम वाहन के माध्यम से कचरा कलेक्शन कर उसका सुनियोजित तरीके से डंपिंग करेंगे। साथ ही भविष्य में गीले कचरे से खाद बनाने की योजना है। कलेस्टर हैड अमीता तिवारी ने कहा कि सभी के प्रयासों से उमरनी को स्वच्छ गांव बनाने का सपना पूरा होगा। इस दौरान प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर राहुल ढिलोर, सरपंच प्रतिनिधि बाघाराम गरासिया, उपसरपंच प्रतिनिधि गणेश बंजारा, रेडियो मधुबन के निदेशक ब्र.कु. यशवंत, ब्र.कु. डॉ. सविता दीदी, पीआरओ ब्र.कु. कोमल, ब्र.कु. आनंद, ब्र.कु. रोहित सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन ब्र.कु. चंद्रेश ने किया।

**गांव में घर-घर से सूखा कचरा, गीला कचरा, मेडिकल वेस्ट और सामान्य कचरे को चार तरीके से संग्रहित किया जाएगा। एलआईसी एचएफएल ग्रीन टुमॉरो प्रोजेक्ट के अंतर्गत टीम फीडबैक फाउंडेशन और कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग द्वारा संयुक्त रूप से गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। वहीं रेडियो मधुबन की ओर से घर-घर में तीन हज़ार से अधिक डस्टबिन बांटे जाएंगे।**

### मन की स्वच्छता पर भी करें काम

**वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्र.कु. ऊषा दीदी ने कहा कि हम सभी को सबसे पहले अपने मन की स्वच्छता पर काम करना होगा। जब हमारे विचार, सोच और संकल्प स्वच्छ, सुंदर होंगे तो हम जो भी कर्म करेंगे वह कर्म सुखदायी, श्रेष्ठ और महान होंगे।**

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी घड़ूआं में आरोग्य भारती संस्थान ने किया राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. रमा दीदी को सम्मानित

**मोहाली-पंजाब।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी घडूआं में पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित व चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह की उपस्थिति में आरोग्य भारती संस्थान द्वारा मोहाली-रोपड़ क्षेत्र की सह संचालिका 60 वर्षों से ब्रह्माकुमारीज़ में समर्पित राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. रमा दीदी को श्रीफल व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी घडूआं मोहाली में दो दिवसीय आरोग्य भारती अखिल भारतीय प्रतिनिधि मंडल बैठक का शुभारंभ पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने दीप प्रज्वलित कर किया। समूचे भारत से आरोग्य भारती संस्था के लगभग 1000 सदस्य बैठक में भाग लेने पहुंचे। इस अवसर पर राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. रमा दीदी ने कहा कि मेडिसिन से भी ज़रूरी मेडिटेशन है क्योंकि सशक्त मन रोगी तन को भी स्वस्थ बना सकता है।



राज्यपाल ने किया आरोग्य भारती बैठक का शुभारंभ

अशांत, परेशान व दुःखी मन बेलगाम घोड़े की तरह होता है, उसे राजयोग से साधा जा सकता है। राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हर पैथी में एक्सपर्ट हैं, किंतु वही पैथी अच्छी है जिससे रोग का सम्पूर्ण निदान हो जाए। उन्होंने ईट हाफ, वॉक डबल, लाफ ट्रिपल, लव विदाउट लिमिट की बात की।

# शक्तिशाली मन ही हर परिस्थिति में खुश रह सकता है

**अम्बिकापुर-चोपड़ापारा(छ.ग.)।** बाल दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ के नव विश्व भवन सेवाकेन्द्र में 'चमत्कार मेरे विचारों का' कार्यक्रम में सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. विद्या दीदी ने कहा कि जैसे गुलाब का फूल कांटों के बीच रहते हुए भी खिला रहता है, उसी प्रकार संसार में कैसी भी परिस्थिति हो, दुःख हो लेकिन हमें भी इन सभी का सामना करते हुए खुश रहना है। हमारा मन खुश तभी रह सकता है जब मन शक्तिशाली होगा। मन को शक्तिशाली बनाने के लिये मन को बाहरी बातों से हटाकर अपने काम पर ध्यान लगाने की आवश्यकता है। चिराग सोशल वेलफेयर सोसायटी के डायरेक्टर मंगल पाण्डे ने कहा कि सभी बच्चों को अपने लक्ष्य के प्रति जागरुक होकर, अन्य चीज़ों को छोड़कर अपन पढ़ाई के प्रति ध्यान देना चाहिए। छ.ग. प्रचार एवं विकास संस्थान के डायरेक्टर अनिल मिश्रा ने कहा कि जो जिम्मेदार नागरिक हैं, उन्हें अपने बच्चों के अलावा ज़रूरतमंद बच्चों का भी ध्यान रखना चाहिए। समाजिक कार्यकर्ता वन्दना दत्ता ने कहा कि आप बच्चे संसार, समाज में एक- दूसरे का सहारा बनने की कोशिश अभी से करें तो आप सभी की उन्नति ज़रूर होगी। सरस्वती शिशु मंदिर की प्राचार्या मीरा साहू ने बच्चों को एक्टिविटीज़ एवं प्रैक्टिकल घटनाओं के माध्यम से समझाते हुए कहा कि बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, वकील बनने से पहले अपने माता-पिता का एक आदर्श बेटा, गुरू के लिए एक अच्छा शिष्य बनने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनने की आवश्यकता है। सरस्वती शिशु मंदिर की प्रधानाध्यापक बहन सुप्रिया ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम संचालन ब्र.कु. ममता बहन ने किया। काफी संख्या में बच्चों ने कार्यक्रम में भाग लिया।



**बाल दिवस पर ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र में बच्चों के लिए कार्यक्रम 'चमत्कार मेरे विचारों का'**

# स्वयं को ज़िम्मेवार समझने से ही परिवर्तन होता आसान- शिवानी बहन



जब हम दूसरों को दोषी ठहराते हैं तो अपनी पावर को कम कर देते हैं। दुःखी हम खुद के विचारों से ही होते हैं। स्वयं के विचारों के निर्माता हम स्वयं हैं। दूसरों को दुआ देने से हमारी पावर बढ़ती है। जितनी ही पावर आती है, उतनी ही पॉज़िटिविटी बढ़ती है। इसलिए अपनी स्थिति के लिए स्वयं को ज़िम्मेवार समझें। जितना हम स्वयं को ज़िम्मेवार समझते हैं, उतना ही हम स्वयं को परिवर्तन कर पाते हैं **- जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा ब्र.कु. शिवानी दीदी।**

**भारतीय सेना एवं सुरक्षा बलों के दो दिवसीय राष्ट्रीय डायलॉग का समापन**

**ओम शांति रिट्रीट सेंटर के सुन्दर आध्यात्मिक वातावरण में हुआ आयोजन**

**'इंस्पिरेशनल लीडरशिप एंड सेल्फ एम्पावरमेंट' पर हुई चर्चा**

**कार्यक्रम में 500 से भी अधिक संख्या में वरिष्ठ अधिकारी, जवान और उनके परिवार के सदस्य हुए सम्मिलित**

**ओआरसी-गुरुग्राम।** ब्रह्माकुमारीज़ के भोराकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में सेना एवं सुरक्षा बलों के अधिकारियों तथा जवानों के लिए 'इंस्पिरेशनल लीडरशिप एंड सेल्फ एम्पावरमेंट' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कोस्ट गार्ड के महानिदेशक राकेश पाल ने कहा कि काफी समय से मैं ब्रह्माकुमारीज़ के सम्पर्क में हूँ। जब भी मैं विदेशों में जाता हूँ तो सबसे पहले मैं ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र पर जाता हूँ। क्योंकि वहां जाने से मुझे एक अलौकिक वातावरण का अनुभव होता है। मन सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। नौसेना के वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास ने कहा कि तन के स्वास्थ्य का तो हम ध्यान रखते ही हैं, लेकिन मन को स्वस्थ कैसे बनाएं उसका ज्ञान ब्रह्माकुमारीज़ के पास है। एक स्वस्थ मन ही खुशनुमा जीवन का माध्यम है।

भारतीय नौसेना के पूर्व वाइस एडमिरल अनिल चावला ने कहा कि संस्थान द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार के कार्यक्रम चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करते हैं। बीएसएफ के महानिरीक्षक सोलोमन वाई.के. मिंज ने कहा कि इस प्रकार की शिक्षा से आत्म संयम आयेगा। जो समाज को एक बेहतर दिशा प्रदान करेगा। दिल्ली पुलिस के पूर्व कमिश्नर बी.के. गुप्ता ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ से जुड़ने के बाद मेरा क्रोध काफी कम हो गया है। किसी से भी अटैचमेन्ट ही दुःख का कारण है। कार्यक्रम में विशेष रूप से राजयोगिनी ब्र.कु. शुक्ला दीदी एवं माउण्ट आबू से आये वायु सेना के पूर्व स्क्वाड्रन लीडर अशोक गाभा ने भी शुभकामनाएं व्यक्त की। साथ ही अपने अनुभवयुक्त विचारों से सबको प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजयोग के अलग-अलग सत्र के द्वारा सबको ईश्वरीय अनुभूति कराई गई। भारतीय नौसेना के कैप्टन शिव कुमार ने सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा की जा रही सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में भारतीय थल सेना, वायुसेना, नौसेना, अर्धसैनिक बल एवं प्रादेशिक सुरक्षा बलों के 500 से भी अधिक अधिकारियों और जवानों ने शिरकत की। माउण्ट आबू से आये ब्र.कु. शैलेन्द्र भाई ने अपने शब्दों से सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन ब्र.कु. सारिका बहन ने किया।



RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Dec, 2023
स्वामी - आर.ई.आर.एफ, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org